दैनिक जागरण

बरेली, शनिवार
19 अप्रैल, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

**PAGE NO : I TOP**

**मुकाबला** : एसआरएमएस में इंटर स्कूल क्रिकेट मुकाबला सुबह आठ बजे।

**PAGE NO : IV TOP**

# विद्या वर्ल्ड की गेंदबाजी के सामने बासुबरल के बल्लेबाजों की 'अग्निपरीक्षा'

## श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-6 के फाइनल मुकाबले में आज आमने-सामने होंगी बासुबरल और विद्या वर्ल्ड की टीमें




एसआरएमएस में चल रहे मैच के सेमीफाइनल के मैन आफ द मैच शाहिद सैफी को सम्मानित करते अतिथि • जागरण

जागरण संवाददाता, बरेली : श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-6 का फाइनल शनिवार को सुबह आठ बजे से बासुबरल सरस्वती और विद्या वर्ल्ड की टीमों के बीच खेला जाएगा। एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड में शुक्रवार को खेले गए सेमीफाइनल मैच में बासुबरल सरस्वती ने एसआर इंटरनेशनल की टीम को छह विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में विद्या वर्ल्ड ने नेशनल पब्लिक स्कूल पर नौ विकेट से जीत दर्जकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले की खिताबी जंग के लिए विद्या वर्ल्ड की घातक गेंदबाजी के सामने बासुबरल के बल्लेबाजों की 'अग्निपरीक्षा' होगी। विद्या वर्ल्ड चौथी बार श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट की ट्रॉफी हासिल करने का प्रयास करेगा तो बासुबरल की टीम पहली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में खेलेगी।

श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-6 के 10वें दिन शुक्रवार को पहले सेमीफाइनल मैच में एसआर इंटरनेशनल के कप्तान शुभ गंगवार ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। एसआर इंटरनेशनल की टीम निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 139 रन बना सकी, जिसमें प्रतीक पाल ने 11 चौकों की मदद से 55 गेंदों पर नाबाद 70 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बासुबरल की टीम ने तेजी से खेलना शुरू किया और जीत के लिए 139 रनों के लक्ष्य को 17.1 ओवर में चार विकेट खोकर हासिल कर लिया। बासुबरल के लिए कप्तान शिव प्रताप 37 गेंदों पर 38 रन, शिवम पटेल ने ताबड़तोड़ 29 गेंदों पर 50 रन और तन्मय मिश्रा ने 15 गेंदों में 20 रन बनाकर मैच को अपनी टीम की झोली में डाल दिया। एसआर इंटरनेशनल के तीन विकेट लेने वाले बासुबरल सरस्वती के शाहिद सैफी को मैन आफ द मैच चुना गया।

दूसरे सेमीफाइनल मैच में टास जीत कर नेशनल पब्लिक स्कूल के कप्तान अरनव यादव ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन विद्या वर्ल्ड स्कूल की घातक गेंदबाजी के आगे पूरी टीम 10.1 ओवर में 31 रन बनाकर पवेलियन लौट गई। नेशनल के एकमात्र बल्लेबाज अंश ने दहाई का आंकड़ा पार किया, जबकि पांच खिलाड़ी तो खाता भी नहीं खोल सके। विद्या वर्ल्ड के गेंदबाज लकी ने दो ओवर में तीन रन खर्च कर पांच खिलाड़ियों को आउट किया। जीत के लिए मिले 31 रन के लक्ष्य को विद्या वर्ल्ड की टीम ने 11 गेंदों पर ही एक विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। पांच विकेट लेने वाले लकी को मैन आफ द मैच चुना गया।

# आर्मी पब्लिक स्कूल व डीपीएस फाइनल में

**फुटबाल प्रतियोगिता**

- पहले सेमीफाइनल में आर्मी पब्लिक स्कूल सी. विंग ने चाइल्ड केयर को 5-0 से हराया
- दूसरे सेमीफाइनल में डीपीएस बरेली ने एयर फोर्स स्कूल की टीम को 2-0 से दी मात

जागरण संवाददाता, बरेली : श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग और डीपीएस बरेली की टीमों के बीच खेला जाएगा। इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट के शुक्रवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल मुकाबले में आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग ने चाइल्ड केयर की टीम को 5-0 गोल के अंतर से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में डीपीएस बरेली की टीम ने एयर फोर्स स्कूल की टीम को 2-0 गोल के अंतर से हराकर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। दोनों टीमों के बीच टूर्नामेंट का फाइनल मैच शनिवार सुबह 9.30 बजे से खेला जाएगा।

एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (सीईटी) स्थित फुटबाल मैदान में श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट के दोनों सेमीफाइनल मैच हुए। पहला सेमीफाइनल सुबह आठ बजे आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग और चाइल्ड केयर विशप कोनराड के बीच खेला गया। मैच के तीसरे मिनट में ही आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग के अनुज शर्मा ने गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद 19वें मिनट में चाइल्ड केयर के खिलाड़ी गोल बचाने के चक्कर में खुद ही गोल कर बैठे। 50वें मिनट में हर्षित शाही, 55वें मिनट में आर्यन सिंह और 59वें मिनट में हर्षित शाही ने गोलकर अपनी टीम को 5-0 से जीत दिला दी, जबकि विपक्षी टीम एक भी गोल नहीं कर सकी।

दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला डीपीएस बरेली की टीम और एयर फोर्स स्कूल के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने एक दूसरे पर गोल करने के लिए कई बार दबाव बनाया, लेकिन किसी टीम को कामयाबी नहीं मिली। मैच समाप्त होने के कुछ पहले डीपीएस के अजीज और इशांत ने 57वें और 59वें मिनट में 1-1 गोल कर टीम को 2-0 से अपनी टीम को अजेय बढ़त दिला दी, जबकि एयरफोर्स स्कूल की टीम एक भी गोल नहीं कर सकी। एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने बरेली फुटबाल संघ के सचिव मून रॉबिंसन और उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह देवलिया, टूर्नामेंट की आयोजन समिति के सचिव डा. सोवन मोहंती, नितिन सक्सेना, शंकरपाल, कामरान अशरफ, वरिष्ठ कोच एसपी सिंह, रेहान सौकि यादव, संजय कुशवाहा, प्रमोद पंत, महेश चंद्र, निक्कर सिंह कंडारी और आशू भारती मौजूद रहे।